**Signature and Name of Invigilator**

1. (Signature) ______________________

   (Name) ______________________

2. (Signature) ______________________

   (Name) ______________________

**OMR Sheet No. :** ............................................

(To be filled by the Candidate)

**Roll No.** | | | | | | | | |

(In figures as per admission card)

**Roll No.** ______________________

(In words)

**J 0 1 1 5**

# PAPER - II
# ECONOMICS

**Time : 1¼ hours]** **[Maximum Marks : 100**

Number of Pages in this Booklet : **24**

Number of Questions in this Booklet : **50**

## Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of fifty multiple-choice type of questions.
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page. Do not accept a booklet without sticker-seal and do not accept an open booklet.
   (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
   (iii) After this verification is over, the Test Booklet Number should be entered on the OMR Sheet and the OMR Sheet Number should be entered on this Test Booklet.
4. Each item has four alternative responses marked (1), (2), (3) and (4). You have to darken the circle as indicated below on the correct response against each item.

   **Example :** ① ② ● ④ where (3) is the correct response.
5. Your responses to the items are to be indicated in the **OMR Sheet given inside the Booklet only.** If you mark your response at any place other than in the circle in the OMR Sheet, it will not be evaluated.
6. Read instructions given inside carefully.
7. Rough Work is to be done in the end of this booklet.
8. If you write your Name, Roll Number, Phone Number or put any mark on any part of the OMR Sheet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, or use abusive language or employ any other unfair means, such as change of response by scratching or using white fluid, you will render yourself liable to disqualification.
9. You have to return the original OMR Sheet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall. You are however, allowed to carry original question booklet and duplicate copy of OMR Sheet on conclusion of examination.
10. **Use only Blue/Black Ball point pen.**
11. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**
12. **There are no negative marks for incorrect answers.**
13. In case of any discrepancy in the English and Hindi versions, English version will be taken as final.

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. इस पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए।
2. इस प्रश्न-पत्र में पचास बहुविकल्पीय प्रश्न हैं।
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जायेगी। पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे, जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   (i) प्रश्न-पुस्तिका खोलने के लिए पुस्तिका पर लगी कागज की सील को फाड़ लें। खुली हुई या बिना स्टीकर-सील की पुस्तिका स्वीकार न करें।
   (ii) **कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं। दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ/प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले लें। इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे। उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा।**
   (iii) इस जाँच के बाद प्रश्न-पुस्तिका का नंबर OMR पत्रक पर अंकित करें और OMR पत्रक का नंबर इस प्रश्न-पुस्तिका पर अंकित कर दें।
4. प्रत्येक प्रश्न के लिए चार उत्तर विकल्प (1), (2), (3) तथा (4) दिये गये हैं। आपको सही उत्तर के वृत्त को पेन से भरकर काला करना है जैसा कि नीचे दिखाया गया है।

   **उदाहरण :** ① ② ● ④ जबकि (3) सही उत्तर है।
5. प्रश्नों के उत्तर **केवल प्रश्न पुस्तिका के अन्दर दिये गये OMR पत्रक पर ही** अंकित करने हैं। यदि आप OMR पत्रक पर दिये गये वृत्त के अलावा किसी अन्य स्थान पर उत्तर चिन्हांकित करते हैं, तो उसका मूल्यांकन नहीं होगा।
6. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें।
7. कच्चा काम (Rough Work) इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर करें।
8. यदि आप OMR पत्रक पर नियत स्थान के अलावा अपना नाम, रोल नम्बर, फोन नम्बर या कोई भी ऐसा चिह्न जिससे आपकी पहचान हो सके, अंकित करते हैं अथवा अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं, या कोई अन्य अनुचित साधन का प्रयोग करते हैं, जैसे कि अंकित किये गये उत्तर को मिटाना या सफेद स्याही से बदलना तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित किये जा सकते हैं।
9. आपको परीक्षा समाप्त होने पर मूल OMR पत्रक निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और परीक्षा समाप्ति के बाद उसे अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें। हालांकि आप परीक्षा समाप्ति पर मूल प्रश्न-पुस्तिका तथा OMR पत्रक की डुप्लीकेट प्रति अपने साथ ले जा सकते हैं।
10. **केवल नीले/काले बाल प्वाईंट पेन का ही इस्तेमाल करें।**
11. **किसी भी प्रकार का संगणक (कैलकुलेटर) या लाग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है।**
12. **गलत उत्तरों के लिए कोई नकारात्मक अंक नहीं हैं।**
13. यदि अंग्रेजी या हिंदी विवरण में कोई विसंगति हो, तो अंग्रेजी विवरण अंतिम माना जाएगा।

# ECONOMICS

## PAPER - II

**Note :** This paper contains **fifty (50)** objective type questions of **two (2)** marks each. **All** questions are **compulsory**.

**1.** In which one of the following market situations are the firms mutually interdependent in pricing and output decisions ?

(1) Oligopoly (2) Monopsony

(3) Monopoly (4) Monopolistic Competition

**2.** "Value and Capital" is written by who among the following economists ?

(1) Hanson (2) Philipes (3) Ursula (4) J.R. Hicks

**3.** Giffen paradox occurs when income effect is :

(1) Greater than the substitution effect

(2) Equal to the substitution effect

(3) Less than the substitution effect

(4) Negative and is greater than the substitution effect

**4.** Which one of the following curves will respond the supply curve of labour ?

(1) Marginal product curve of labour

(2) Marginal revenue product curve of labour

(3) Value of marginal product curve of labour

(4) Average product curve of labour

**5.** Limit price refers to the :

(1) Price which maximizes the profits of the firm

(2) Price which prevents entry of new firms

(3) Price at which firm just starts earning a surplus over cost

(4) Maximum price which the firm is allowed to charge

## अर्थशास्त्र

### प्रश्न-पत्र - II

**नोट :** इस प्रश्न-पत्र में **पचास (50)** बहु-विकल्पीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के **दो (2)** अंक हैं। **सभी** अनिवार्य हैं।

**1.** निम्नलिखित बाजार स्थितियों में से किस एक में फर्में उत्पादन और कीमत निर्धारण निर्णयों में पारस्परिक रूप से निर्भर होती हैं?

(1) अल्पाधिकार
(2) क्रेता - एकाधिकार
(3) एकाधिकार
(4) एकाधिकारी प्रतिस्पर्धा

**2.** निम्नलिखित में से किस अर्थशास्त्री ने ''वैल्यू एंड कैपिटल'' शीर्षक की पुस्तक लिखी है?

(1) हानसन (2) फिलिप्स (3) उरसुला (4) जे.आर. हिक्स

**3.** गिफन विरोधाभास तब होता है, जब आय का प्रभाव :

(1) प्रतिस्थापन प्रभाव की तुलना में अधिक होता है
(2) प्रतिस्थापन प्रभाव के समान होता है
(3) प्रतिस्थापन प्रभाव से कम होता है
(4) नकारात्मक और प्रतिस्थापन प्रभाव से अधिक होता है

**4.** निम्नलिखित में से कौन सा एक वक्र श्रम के आपूर्ति वक्र की अनुक्रिया करेगा?

(1) श्रम का सीमांत उत्पाद वक्र
(2) श्रम का सीमांत आय उत्पाद वक्र
(3) श्रम के सीमांत उत्पाद का मूल्य वक्र
(4) श्रम का औसत उत्पाद वक्र

**5.** परिसीमन कीमत का तात्पर्य है :

(1) वह कीमत, जो फर्म का मुनाफा अधिकतम बढ़ाती है
(2) वह कीमत, जो नई फर्मों का प्रवेश रोकती है
(3) वह कीमत, जिस पर फर्म लागत से अधिक आय का उपार्जन शुरू कर देती है
(4) वह अधिकतम कीमत, जिसे वसूलने की फर्म को अनुमति दी जाती है

6. General Pareto Optimality exists where :

(1) $MRTS^{X}_{LK} = MRTS^{Y}_{LK}$

(2) $MRT_{XY} = MRS^{A}_{XY} = MRS^{B}_{XY}$

(3) $MRTS^{L}_{XY} = MRTS^{K}_{XY}$

(4) $\frac{MP_L}{MP_K} = \frac{P_L}{P_K}$

7. Advertisement is common in which of the following markets ?

(i) Oligopoly

(ii) Perfect Competition

(iii) Monopolistic Competition

(iv) Monopoly

Choose from the codes below :

(1) (i) and (iii) (2) (ii) and (iii) (3) Only (i) (4) Only (iii)

8. Intellectual property rights regime is managed by :

(1) IMF (2) W.T.O. (3) European Union (4) SAARC

9. Which of the following statements are **true** for a Euro currency market ? Answer from the codes below :

(i) Its existence affects the effective conduct of monetary policy.

(ii) It is a highly regulated market.

**Codes :**

(1) Both (i) and (ii) are true

(2) Neither (i) nor (ii) is true

(3) Only (i) is true

(4) Only (ii) is true

10. According to Heckscher - ohlin theorem, a nation will export a commodity which is :

(1) Intensive in its relatively abundant factor

(2) Intensive in its relatively cheap factor

(3) Both (1) and (2) are necessary

(4) Neither (1) nor (2) in necessary

6. पैरेटो संबंधी सामान्य इष्टतमता वहाँ पाई जाती है, जहां पर :

(1) $MRTS^{X}_{LK} = MRTS^{Y}_{LK}$

(2) $MRT_{XY} = MRS^{A}_{XY} = MRS^{B}_{XY}$

(3) $MRTS^{L}_{XY} = MRTS^{K}_{XY}$

(4) $\frac{MP_L}{MP_K} = \frac{P_L}{P_K}$

7. निम्नलिखित बाजारों में से किसमें विज्ञापन आम बात होती है ?

(i) अल्पाधिकार

(ii) पूर्ण प्रतिस्पर्धा

(iii) एकाधिकारी प्रतिस्पर्धा

(iv) एकाधिकार

निम्नलिखित कूट में से चुनें :

(1) (i) और (iii) (2) (ii) और (iii) (3) केवल (i) (4) केवल (iii)

8. किसके द्वारा बौद्धिक संपदा अधिकार व्यवस्था का प्रबंधन किया जाता है ?

(1) आई. एम. एफ. (2) डब्ल्यू. टी. ओ. (3) यूरोपियन यूनियन (4) सार्क

9. यूरो – मुद्रा बाजार के बारे में निम्नलिखित में से कौनसा कथन **सही** है ? निम्नलिखित कूट में से उत्तर दें :

(i) इसका अस्तित्व मौद्रिक नीति के प्रभावोत्पादक संचालन को प्रभावित करता है।

(ii) यह एक अत्यंत विनियमित बाजार है।

**कूट :**

(1) (i) और (ii) दोनों सही हैं

(2) (i) और (ii) में से कोई भी सही नहीं है

(3) केवल (i) सही है

(4) केवल (ii) सही है

10. हेक्शर – ओहलिन प्रमेय के अनुसार कोई भी देश किसी वस्तु का निर्यात करेगा :

(1) जिसमें अपेक्षाकृत प्रचुर साधन के प्रयोग की तीव्रता है।

(2) जिसमें अपेक्षाकृत सस्ते साधन के प्रयोग की तीव्रता है।

(3) दोनों (1) और (2) आवश्यक हैं

(4) (1) और (2) दोनों में से कोई भी आवश्यक नहीं है

11. Customs union always leads to :

(1) Trade diversion effect alone

(2) Trade creation effect alone

(3) Both trade creation and trade diversion effects

(4) Neither trade diversion nor trade creation effect

12. Which one of the following assumptions is the most important assumption in the Heckscher - ohlin theorem of international trade ?

(1) Two - factor model (2) Two commodities

(3) No tariff (4) Constant tariff

13. In dual gap model, the two gaps refer to :

(1) Inflationary gap and investment gap

(2) Saving gap and deflationary gap

(3) Savings constraint and foreign exchange constraint

(4) Investment gap and savings gap

14. What is the value of the Gini coefficient for an income distribution characterised by complete equality incomes ?

(1) Zero (2) 0.5 (3) 1 (4) $\infty$ (infinity)

15. Which of the following has not been identified as a potential consequence of global warming ?

(1) A fall in agricultural yields (2) The spread of disease

(3) The use of nuclear energy (4) A rise in sea levels

16. **Assertion (A)** : One of the characteristics of many underdeveloped countries is that they have a low saving rate and low capital formulation.

**Reason (R)** : In underdeveloped countries this is mainly due to high level of consumption.

**Codes :**

(1) Both **(A)** and **(R)** are true and **(R)** is the correct explanation of **(A)**

(2) Both **(A)** and **(R)** are true but **(R)** is not the correct explanation of **(A)**

(3) **(A)** is true but **(R)** is false

(4) **(A)** is false but **(R)** is true

**11.** तटकर संघ सदैव किसका मार्ग प्रशस्त करता है?

(1) केवल व्यापार विपथन प्रभाव

(2) केवल व्यापार सृजन प्रभाव

(3) व्यापार सृजन और व्यापार विपथन दोनों प्रभाव

(4) व्यापार विपथन और व्यापार सृजन प्रभाव में से कोई भी नहीं

**12.** निम्नलिखित धारणाओं में से कौनसी धारणा अंतर्राष्ट्रीय व्यापार की हेक्शर – ओहलिन प्रमेय में सर्वाधिक महत्वपूर्ण है?

(1) दो – कारक मॉडल (2) दो वस्तुएँ (3) कोई प्रशुल्क नहीं (4) निरतंर प्रशुल्क

**13.** द्वय अंतराल मॉडल में दो अंतरालों का तात्पर्य है :

(1) मुद्रास्फीतिकारी अतंराल और निवेश अंतराल

(2) बचत अंतराल और अपस्फीतिकारी अंतराल

(3) बचत बाध्यता और विदेशी मुद्रा बाध्यता

(4) निवेश अंतराल और बचत अंतराल

**14.** आय की समग्र समानता द्वारा वर्णित किसी आय के बटंन के गिनी गुणांक का मान क्या है?

(1) शून्य (2) 0.5 (3) 1 (4) $\infty$ (अनन्तता)

**15.** ग्लोबल वार्मिंग के निम्नलिखित दूरगामी परिणामों में से किस एक बड़े दूरगामी परिणाम की पहचान नहीं की गई है?

(1) कृषि उपज में गिरावट (2) बीमारी का फैलना

(3) परमाणु ऊर्जा का उपयोग (4) समुद्री जल स्तर में वृद्धि

**16.** **अभिकथन (A)** : अनेक अल्प – विकसित देशों की विशेषताओं में से एक यह है कि उनमें अल्प बचत दर और अल्प पूंजी निर्माण होता है।

**कारण (R)** : अल्प विकसित देशों में यह मुख्य रूप से उपभोग के उच्च स्तर के कारण होता है।

**कूट :**

(1) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं, तथा **(R), (A)** की सही व्याख्या है

(2) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं, परंतु **(R), (A)** की सही व्याख्या नहीं है

(3) **(A)** सही है, परंतु **(R)** गलत है

(4) **(A)** गलत है, परंतु **(R)** सही है

**17.** Concept of 'surplus value' is developed by who among the following economists ?

(1) J. Schumpeter (2) Karl Marx (3) J.R. Hicks (4) R.A. Fisher

**18.** Monetary policy is most effective when investment spending is :

(1) Interest elastic and demand for money is also interest elastic

(2) Interest inelastic and demand for money is also interest inelastic

(3) Interest inelastic and demand for money is interest elastic

(4) Interest elastic and the demand for money is interest inelastic

**19.** Slope of the LM Curve depends upon which of the following ?

(1) Interest elasticity of investment

(2) Interest elasticity of income

(3) Interest elasticity of demand for money

(4) None of the above

**20.** In a closed economy and three sector model which of the following is true ?

(1) Household savings equal net investment

(2) Household savings equal gross investment

(3) Household savings plus depreciation equals gross investment plus government spending

(4) Household savings plus taxes plus depreciation equals gross investment plus government spending

**21.** According to Keynes, the marginal efficiency of capital is the expected :

(1) Rate of return on financial assets

(2) Profit from real investment

(3) Profit from financial investment

(4) Rate of return on real investment

17. निम्नलिखित में से किस अर्थशास्त्री द्वारा 'अधिशेष मूल्य' की अवधारणा विकसित की गई ?

(1) जे. शूमपीटर (2) कार्ल मार्क्स (3) जे. आर. हिक्स (4) आर. ए. फिशर

18. मौद्रिक नीति सर्वाधिक प्रभावोत्पादक होती है, जब निवेश व्यय :

(1) ब्याज - लोचदार और मुद्रा की मांग में भी ब्याज-लोचदार होता है

(2) ब्याज - बेलोचदार और मुद्रा की मांग में भी ब्याज - बेलोचदार होता है

(3) ब्याज - बेलोचदार और मुद्रा की मांग में ब्याज - लोचदार होता है

(4) ब्याज - लोचदार और मुद्रा की मांग में ब्याज - बेलोचदार होता है

19. एल. एम. वक्र का ढाल निम्नलिखित में से किस पर निर्भर करता है ?

(1) निवेश की ब्याज - लोच (2) आय की ब्याज - लोच

(3) मुद्रा की मांग की ब्याज - लोच (4) उपरोक्त में से कोई भी नहीं

20. किसी बंद अर्थव्यवस्था और त्रिक्षेत्रीय मॉडल में निम्नलिखित में से कौनसा सही है ?

(1) पारिवारिक बचतें = निवल निवेश

(2) पारिवारिक बचतें = सकल निवेश

(3) पारिवारिक बचतें + मूल्य ह्रास, = सकल निवेश + सरकारी व्यय

(4) पारिवारिक बचतें + कर + मूल्यह्रास = सकल निवेश + सरकारी व्यय

21. कीन्स के अनुसार पूंजी की सीमांत कुशलता है प्रत्याशित :


(1) वित्तीय परिसम्पत्तियों पर प्रतिफल दर (2) वास्तविक निवेश से मुनाफा

(3) वित्तीय निवेश से मुनाफा (4) वास्तविक निवेश पर प्रतिफल दर

**22.** In the classical macro system, money determines :

(1) Employment
(2) Real output
(3) Both (1) and (2)
(4) Neither (1) nor (2)

**23.**




On the conventional IS - LM diagram, LM curve shifts to $LM_1$. Then which of the following statements are true ?

(1) Liquidity effect is $r_0$ $r_1$
(2) Liquidity effect is $r_0$ $r_2$
(3) Liquidity effect is $r_2$ $r_1$
(4) None of the above

**24.** Consider the following statements about Phillips curve :

(i) There is inverse relationship between rate of inflation and rate of unemployment.

(ii) Economic behaviour is a function of nominal returns.

(iii) Economic behaviour is a function of real returns.

Of these statements which are true from the Monetarists point of view ?

(1) All the above are true
(2) Only (i) and (ii) are true
(3) Only (ii) is true
(4) Only (iii) is true

**22.** परम्परागत समष्टि प्रणाली में मुद्रा निर्धारित करती है :


(1) रोजगार

(2) वास्तविक उत्पादन

(3) (1) और (2) दोनों

(4) (1) और (2) में से कोई भी नहीं

**23.**




परम्परागत IS - LM आरेख में LM वक्र $LM_1$ की ओर चला जाता है तो निम्नलिखित में से कौनसा कथन सही है ?

(1) तरलता प्रभाव है – $r_0\ r_1$

(2) तरलता प्रभाव है – $r_0\ r_2$

(3) तरलता प्रभाव है – $r_2\ r_1$

(4) उपरोक्त में से कोई भी नहीं

**24.** फिलिप्स वक्र के बारे में निम्नलिखित वक्तव्यों पर विचार करें :

(i) मुद्रा स्फीति की दर और बेरोजगारी की दर के बीच विलोम संबंध होता है।

(ii) आर्थिक व्यवहार मौद्रिक प्रतिफल का फलन होता है।

(iii) आर्थिक व्यवहार वास्तविक प्रतिफल का फलन होता है।

उपरोक्त कथनों में से कौनसे कथन मुद्रावादियों के विचार की दृष्टि से सही हैं ?

(1) उपरोक्त सभी कथन सही हैं

(2) केवल (i) और (ii) सही हैं

(3) केवल (ii) सही है

(4) केवल (iii) सही है

**25.** An interest rate risk means :

(1) When borrowers fail to fulfil the terms of the loan contract

(2) A rise in interest rate will mean a fall in the value of security in the secondary market

(3) A rise in interest rate will raise the value of financial security in the secondary market

(4) When unintended inflation arises

**26.** In the classical macro system money determines which of the following ?

(1) Output and Prices (2) Employment and Prices

(3) Output and Employment (4) Prices

**27.** When nominal GDP is ₹ 11,000 crores and real GDP is ₹ 10,000 crores, GDP deflator is :

(1) 9.09 (2) 90.91 (3) 1.11 (4) 110

**28.** **Assertion (A)** : India has a big potential demographic dividend.

**Reason (R)** : India's population growth rate is declining.

**Codes :**

(1) Both **(A)** and **(R)** are correct and **(R)** is the correct explanation of **(A)**

(2) **(A)** is correct but **(R)** is not correct

(3) Both **(A)** and **(R)** are correct but **(R)** is not the correct explanation of **(A)**

(4) **(R)** is correct but **(A)** is incorrect

**29.** Recently the base year for calculating GDP in India has been changed to :

(1) 2009 - 10 (2) 2011 - 12 (3) 2014 - 15 (4) 2004 - 05

**25.** ब्याज दर जोखिम का तात्पर्य है :

(1) जब उधारकर्ता ऋण संविदा की शर्तें पूरी करने में असफल रहते हैं

(2) ब्याज दर में वृद्धि का तात्पर्य यह है कि द्वितीयक बाजार में वित्तीय प्रतिभूतियों के मूल्य में गिरावट होगी

(3) ब्याज दर में वृद्धि द्वितीयक बाजार में वित्तीय प्रतिभूतियों के मूल्य में वृद्धि करेगी

(4) जब अनभिप्रेत मुद्रास्फीति बढ़ती है

**26.** क्लासिकीय समष्टि निकाय में मुद्रा द्वारा क्या निर्धारित किया जाता है?

(1) उत्पादन एवं कीमतें
(2) रोजगार एवं कीमतें
(3) रोजगार एवं उत्पादन
(4) कीमतें

**27.** जब मौद्रिक सकल घरेलू उत्पाद ₹ 11,000 करोड़ और वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद ₹ 10,000 करोड़ है, तब सकल घरेलू उत्पाद अपस्फीतिकारक है :

(1) 9.09
(2) 90.91
(3) 1.11
(4) 110

**28.** **अभिकथन (A)** : भारत में जनांकिकी लाभांश की व्यापक संभावना है।

**कारण (R)** : भारत की जनसंख्या वृद्धि दर में कमी आ रही है ।

**कूट :**

(1) **(A)** और **(R)** दोनों सत्य हैं और **(R), (A)** की सही व्याख्या है।

(2) **(A)** सत्य है, परन्तु **(R)** असत्य है।

(3) **(A)** और **(R)** दोनों सत्य हैं, परन्तु **(R), (A)** की सही व्याख्या नहीं है।

(4) **(R)** सत्य है, परन्तु **(A)** असत्य है।

**29.** हाल ही में भारत में सकल घरेलू उत्पाद की गणना करने के लिए आधार वर्ष को निम्नानुसार परिवर्तित किया गया है :

(1) 2009 - 10
(2) 2011 - 12
(3) 2014 - 15
(4) 2004 - 05

30. Which of the following states has the largest share in the total food grains produced in India ?

(1) Punjab (2) U.P. (3) Haryana (4) M.P.

31. JAM trinity means :

(1) Jan - Dhan Account Money

(2) Jan, Awas, Money

(3) Jan - Dhan Yojana, Aadhar, Mobile Numbers

(4) Jyoti, Aadhar, Mobile

32. Who is the originator of 'Buddhist Economics' ?

(1) Lee Kuan Yew (2) Dalai Lama

(3) E.F. Schumacher (4) Shinzo Abe

33. Which of the following is **not** a credit rating agency ?

(1) Moody (2) Standard and Poor

(3) Fitch (4) Nasdaq

34. Which of the following is **not** used to measure inflation ?

(1) Whole Sale Price Index Number (2) Consumer Price Index Number

(3) Purchasing Power Parity Prices (4) GDP Deflator

35. Which one of the following pairs is **not** correctly matched ?

(1) Similarly placed persons should be taxed similarly - Horizontal equity

(2) Interest payments are deducted from fiscal deficit - Primary deficit

(3) Goods which are divisible and principle of exclusion applies in full measure - Pure private goods

(4) Tax on goods and services is levied according to item's value - State excise duties

**30.** निम्नलिखित में से किस राज्य की भारत में कुल खाद्यान्न उत्पादन में सबसे अधिक हिस्सेदारी है ?

(1) पंजाब (2) उत्तर प्रदेश (3) हरियाणा (4) मध्य प्रदेश

**31.** ''जे.ए.एम.'' त्रयी से क्या तात्पर्य है ?

(1) जनधन खाता धन (2) जन, आवास, धन

(3) जनधन योजना, आधार, मोबाइल नम्बर (4) ज्योति, आधार, मोबाइल

**32.** 'बुद्धवादी अर्थशास्त्र' के जन्मदाता कौन हैं ?

(1) ली कुआं यू (2) दलाई लामा (3) ई.एफ. शुमाकर (4) शिंजो एबे

**33.** निम्नलिखित में से कौन – सा एक साख रेटिंग निर्धारण अभिकरण **नहीं** है ?

(1) मूडी (2) स्टैंडर्ड एंड पूअर (3) फिच (4) नास्देक

**34.** निम्नलिखित में से किसका उपयोग मुद्रास्फीति के मापने में **नहीं** किया जाता है ?

(1) थोक मूल्य सूचकांक (2) उपभोक्ता मूल्य सूचकांक

(3) क्रय – शक्ति समता मूल्य (4) सकल घरेलू उत्पाद अपस्फीतिकारक

**35.** निम्नलिखित में से कौन – सा एक जोड़ा सही सुमेलित **नहीं** है ?

(1) एक संवर्गीय व्यक्तियों पर एकसमान कर लगाया जाना चाहिए – समस्तरीय साम्या

(2) ब्याज भुगतान की कटौती राजकोषीय घाटे से की जाती है – प्राथमिक घाटा

(3) विभाज्य वस्तुएं और बहिष्करण के सिद्धांत पूर्णत: लागू होते हैं – शुद्ध निजी वस्तुएँ

(4) वस्तुओं एवं सेवाओं पर कर उनके मूल्य के अनुसार लगाया जाता है – राज्य उत्पाद शुल्क

**36.** During the year 2012 - 13, which one of the following was the largest item of expenditure of the central government ?

(1) Major subsidies (2) Defence expenditure

(3) Interest payment (4) Capital expenditure

**37.** 14$^{th}$ Finance Commission recommended funds as :

(1) Central Assistance to States (CAS)

(2) States Development Funds

(3) States Share in Sales Taxes

(4) States Contributions to Centre

**38.** FRBM Act 2012 put a ceiling to fiscal deficit of GDP is :

(1) 6 percent (2) 5 percent (3) 4 percent (4) 3 percent

**39.** Rostow distinguishes five different stages of economic growth which are :

(i) Pre - conditions for take - off

(ii) Drive to maturity

(iii) Stage of high mass consumption

(iv) Traditional society

(v) Take - off

Which one of the following is the **correct** sequence of stages of growth ?

(1) (i), (ii), (iii), (iv), (v)

(2) (ii), (i), (iii), (iv), (v)

(3) (iv), (i), (ii), (iii), (v)

(4) (iv), (i), (v), (ii), (iii)

**36.** वर्ष 2012 - 13 के दौरान निम्नलिखित में से कौन-सा एक केन्द्र सरकार के व्यय का सबसे बड़ा मद था ?

(1) प्रमुख राजसहायता (2) रक्षा व्यय (3) ब्याज अदायगी (4) पूंजीगत व्यय

**37.** चौदहवें वित्त आयोग ने निम्नलिखित में से किस रूप में निधियों की सिफारिश की थी ?

(1) राज्यों को केन्द्रीय सहायता (सी.ए.एस.) (2) राज्य विकास निधि

(3) बिक्री कर में राज्यों की हिस्सेदारी (4) केन्द्र को राज्यों का योगदान

**38.** एफ.आर.बी.एम. अधिनियम, 2012 ने सकल घरेलू उत्पाद की राजकोषीय घाटा की उच्चतम सीमा निर्धारित की है :

(1) 6 प्रतिशत (2) 5 प्रतिशत (3) 4 प्रतिशत (4) 3 प्रतिशत

**39.** रोस्टोव, आर्थिक विकास के पाँच विभिन्न अवस्थाओं को निम्न प्रकार श्रेणीबद्ध करते हैं :

(i) उड़ान भरने की पूर्व दशाएं

(ii) परिपक्वता की ओर अग्रसर

(iii) उच्च जन उपभोग का स्तर

(iv) परम्परागत समाज

(v) उड़ान भरना

निम्नलिखित में से कौन-सा एक विकास के चरणों का **सही** क्रम है ?

(1) (i), (ii), (iii), (iv), (v)

(2) (ii), (i), (iii), (iv), (v)

(3) (iv), (i), (ii), (iii), (v)

(4) (iv), (i), (v), (ii), (iii)

**40.** The saving function underlying Cambridge growth model is :

(1) Proportional saving function (2) Classical saving function

(3) Differential saving function (4) Absolute saving function

**41.** According to Keynesions, creeping inflation will help in :

(1) Minimising unemployment (2) Maximising real output

(3) None of (1) or (2) above (4) Both (1) and (2) above

**42.** In the famous equation M=P K Y, K stands for :

(1) Fraction of real output held for transaction

(2) Fraction of money supply held by persons

(3) Fraction of money value of output (transactions) held by public

(4) None of the above

**43.** Geometric mean of 2, 6 and $x$ is equal to 6. What is the value of $x$ ?

(1) 2 (2) 18 (3) 9 (4) 3

**44.** Standard Error (S.E.) of a large sample of size n from a population whose variance is $\sigma^2$ is :

(1) $SE = \frac{\sigma^2}{n}$ (2) $SE = \frac{\sigma}{n}$ (3) $SE = \frac{\sigma^2}{\sqrt{n}}$ (4) $SE = \frac{\sigma}{\sqrt{n}}$

**40.** कैम्ब्रिज विकास मार्डल को रेखांकित करने वाला बचत फलन है :

(1) आनुपातिक बचत फलन (2) क्लासिकीय बचत फलन

(3) विभेदात्मक बचत फलन (4) निरपेक्ष बचत फलन

**41.** कीन्सवादियों के अनुसार, रेंगती हुई मुद्रस्फीति सहायक होगी :

(1) बेरोजगारी को कम करने में (2) वास्तविक उत्पादन को बढ़ाने में

(3) उपर्युक्त (1) अथवा (2) में से कोई नहीं (4) उपर्युक्त (1) और (2) दोनों

**42.** प्रसिद्ध समीकरण M=P K Y में K निम्नलिखित में से किसके लिए है :

(1) लेनदेन के लिए किए गए वास्तविक उत्पादन का भाग

(2) व्यक्तियों द्वारा किए गए मुद्रा आपूर्ति का भाग

(3) जनता द्वारा किए गए उत्पादन (लेनदेन) के मौद्रिक मूल्य का भाग

(4) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**43.** 2, 6 और $x$ का ज्यामितीय माध्य 6 के समान है। $x$ का मान क्या है ?

(1) 2 (2) 18 (3) 9 (4) 3

**44.** जनसंख्या के आकार के एक बड़े नमूने n की मानक त्रुटि (S.E.) जिसका विचरण $\sigma^2$ है, वह है :

(1) $SE = \frac{\sigma^2}{n}$ (2) $SE = \frac{\sigma}{n}$ (3) $SE = \frac{\sigma^2}{\sqrt{n}}$ (4) $SE = \frac{\sigma}{\sqrt{n}}$

**45.** What is the probability of throwing a total of 8 from a single throw of two dice ?

(1) $\frac{1}{8}$ (2) $\frac{2}{9}$ (3) $\frac{5}{36}$ (4) $\frac{3}{36}$

**46.** The estimated regression lines are given as follows :

$Y = 10 + 0.4\ X$

$X = -4 + 1.6\ Y$

Then the coefficient of correlation between X and Y is.

(1) 0.64 (2) 0.40 (3) 0.20 (4) 0.80

**47.** For a distribution, Mean = 26, Median = 14, and Mode = 7, the distribution would be :

(1) Positively skewed (2) Negatively skewed

(3) Symmetrical (4) None of the above

**48.** For a normal distribution, consider the following statements :

(i) It has two points of inflexion.

(ii) The distance from the mean zero of these inflexion points is $\pm \sigma$.

Answer from the codes below :

**Codes :**

(1) Both (i) and (ii) are true (2) Neither (i) nor (ii) are true

(3) Only (i) is true (4) Only (ii) is true

**45.** दो पाँसों के एकबार फेंकने पर 8 आने की कुल प्रायिकता क्या है ?

(1) $\frac{1}{8}$ (2) $\frac{2}{9}$ (3) $\frac{5}{36}$ (4) $\frac{3}{36}$

**46.** प्राक्कलित प्रतिगमन रेखाएं निम्नानुसार दी गई हैं :

$Y = 10 + 0.4\ X$

$X = -4 + 1.6\ Y$

तब, X और Y के बीच सहसम्बन्ध का गुणांक है :

(1) 0.64 (2) 0.40 (3) 0.20 (4) 0.80

**47.** किसी बंटन के लिए, माध्य = 26, माध्यिका = 14 और बहुलक = 7 है, तब बंटन होगा :

(1) धनात्मक रूप से विषम
(2) ऋणात्मक रूप से विषम
(3) सममित
(4) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**48.** प्रसामान्य बंटन के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

(i) इसमें नति परिवर्तन के दो बिन्दु होते हैं।

(ii) इन नति परिवर्तन बिन्दुओं की शून्य माध्य से दूरी $\pm\,\sigma$ है।

नीचे दिए गए कूटों से उत्तर दीजिए :

**कूट :**

(1) (i) और (ii) दोनों सही हैं
(2) (i) और (ii) में से कोई सही नहीं है
(3) केवल (i) सही है
(4) केवल (ii) सही है

**49.** Match the items in **List - I** and **List - II** and answer from the codes given below :

| **List - I** | | **List - II** | |
|---|---|---|---|
| (a) | Simple random sampling | (i) | Non - probability sampling |
| (b) | Systematic sampling | (ii) | Random - choice of all items from each stratum |
| (c) | Quota sampling | (iii) | Random selection of first and systematic of the rest |
| (d) | Stratified random sampling | (iv) | Equal probability of each item in all trials |

**Codes :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (2) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |
| (3) | (iv) | (iii) | (i) | (ii) |
| (4) | (iii) | (i) | (ii) | (iv) |

**50.** If in a village all the farmers are divided into three categories - marginal, small and large, and then a sample of 20 farmers is taken randomly from each category, this could be called :

(1) Systematic sampling
(2) Stratified sampling
(3) Cluster sampling
(4) Multi - stage sampling

- o 0 o -

49. **सूची - I** तथा **सूची - II** की मदों को सुमेलित कीजिये तथा दिये हुये कूटों के आधार पर उत्तर दीजिये :

| | **सूची - I** | | **सूची - II** |
|---|---|---|---|
| (a) | सरल यादृच्छिक प्रतिदर्श | (i) | अप्रायिकता प्रतिदर्श |
| (b) | क्रमबद्ध प्रतिदर्श | (ii) | प्रत्येक स्तर के सभी मदों का यादृच्छिक विकल्प |
| (c) | कोटा प्रतिदर्श | (iii) | प्रथम का यादृच्छिक चयन और शेष का क्रमबद्ध चयन |
| (d) | स्तरित यादृच्छिक प्रतिदर्श | (iv) | सभी परीक्षणों में प्रत्येक मद की समान प्रायिकता |

**कूट :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (2) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |
| (3) | (iv) | (iii) | (i) | (ii) |
| (4) | (iii) | (i) | (ii) | (iv) |

50. यदि किसी गाँव में सभी किसानों को तीन वर्गों - सीमांत, छोटे एंव बड़े किसानों में विभाजित किए जाते हैं, और तत्पश्चात् प्रत्येक वर्ग से 20 किसानों को एक प्रतिदर्श यादृच्छिक रूप से लिया जाता है, तो इसे कहा जा सकता है :

(1) व्यवस्थित प्रतिचयन
(2) स्तरित प्रतिचयन
(3) समूह (क्लस्टर) प्रतिचयन
(4) बहुचरण प्रतिचयन

- o 0 o -

**Space For Rough Work**